## संपादकीय

# तलाक क्यों नहीं

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव इन दिनों अपने एक निजी फैसले के कारण सुर्खियों में हैं। वह अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय से तलाक लेना चाहते हैं। चूंकि मामला एक चर्चित सियासी परिवार से जुड़ा है, इसलिए लोग आदतन इसमें मनोरंजन का मसाला ढूंढ़ रहे हैं। तेजप्रताप पर मीडिया का इतना दबाव है कि उन्हें छुपकर रहना पड़ रहा है।

खुद उनका परिवार उनके साथ नहीं है। पूरा समाज उन्हें घेर रहा है जैसे उन्होंने कोई बहुत बड़ा गुनाह कर दिया हो। अगर तेजप्रताप सामान्य परिवार से होते तो भी उन्हें यही सब झेलना पड़ता। अनेक युवक-युवतियां आए दिन बेमेल विवाह का शिकार होते हैं, लेकिन समाज उन्हें सहजता से उस विवाह से निकलकर एक नई जिंदगी जीने नहीं देता। तलाक शब्द सामने आते ही जैसे तूफान खड़ा हो जाता है। आपसी सहमति से शादी तोड़ देने को एक अनर्थ की तरह देखा जाता है। आज भी हमारे समाज में विवाह दो व्यक्ति यों का नहीं, दो परिवारों का, दो खानदानों का मेल है। विवाह तय करने में परिवार की हैसियत देखी जाती है। लड़का और लड़की की अपेक्षाएं कोई मायने नहीं रखतीं। कोई यह सोचने के लिए तैयार नहीं होता कि लड़के और लड़की के व्यक्ति त्व में, रुचियों में, आदतों में कोई समानता है या नहीं, वे दोनों साथ रहकर खुश रह पाएंगे या नहीं। तेजप्रताप और ऐश्वर्या का मामला ऐसा ही है। दोनों की पारिवारिक हैसियत भले मिलती-जुलती हो, पर व्यक्ति गत पृष्ठभूमि एक जैसी नहीं है। ऐश्वर्या जहां दिल्ली के एक हाईप्रोफाइल कॉलेज में पढ़ी हैं, वहीं तेजप्रताप ने खुद कहा है कि वह बारहवीं पास हैं। दोनों के पालन-पोषण में फर्क रहा है।

बेमेल शादियों का एक दूसरा रूप भी है। अगर निर्धन पृष्ठभूमि का कोई लड़का आईएएस, आईपीएस जैसी नौकरी में होता है तो संपन्न परिवार के

लोग अपनी बेटी की शादी उससे कर देते हैं। लेकिन सुविधाओं के बीच पली लड़की अभावों में बड़े हुए लड़के के साथ कई बार तालमेल नहीं बिठा पाती क्योंकि दोनों में सोच और एक्सपोजर का बड़ा फर्क होता है। बेमेल शादियों में पति-पत्नी घुटते रहते हैं, लेकिन उस शादी के जरिए अक्सर समाज अपने हित साध रहा होता है। जैसे एक व्यक्ति यह कहकर अपना सीना चौड़ा करता रहता है कि उसका दामाद कलक्टर है, कोई यह कहकर गर्व से भर जाता है कि उसकी बहू तो मंत्री के खानदान से हैं। बेटे-बेटियों की शादी से लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ती है, लेकिन इनकी शादी टूटने से नाक कट जाती है। सवाल यह है कि किसी की नाक ऊंची रखने के लिए अपने दांपत्य जीवन को दांव पर लगाने का क्या अर्थ है? बेमेल विवाह को ढोते रहने से अच्छा है उससे मुक्त हो जाना। तलाक को शर्म का विषय क्यों माना जाए? वह तो घुटन के अंधेरे में आशा की किरण है।

# राफेल: राहुल के आरोपों पर बोले दसॉ सीईओ, रिलायंस के साथ जॉइंट वेंचर पर कुछ नहीं छिपाया

**नई दिल्ली।** राफेल डील को लेकर मचे सियासी बवाल के बीच इस फाइटर जेट को बनाने वाली कंपनी दसॉ एविएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एरिक ट्रैपियर ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के आरोपों को खारिज किया है। ट्रैपियर ने एक इंटरव्यू में इस डील को लेकर राहुल के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में ट्रैपियर ने कहा, मैं झूठ नहीं बोलता। मैं पहले जो भी कहा और अब कह रहा हूं वह सच और सही है। उन्होंने कहा कि दसॉ-रिलायंस जॉइंट वेंचर (जेवी) के ऑफसेट




कॉन्ट्रैक्ट को लेकर पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद का बयान सही नहीं था।

बता दें कि राहुल गांधी ने 2 नवंबर को दसॉ सीईओ पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि दसॉ ने अनिल अंबानी की कंपनी को 284 करोड़ रुपये दिए और अंबानी ने उसी पैसे से जमीन खरीदी। दसॉ के सीईओ पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए राहुल ने तंज कसा था कि दसॉ केवल मोदी को बचा रही है और जांच होगी, तो पीएम नहीं टिक पाएंगे।

ट्रैपियर से जब पूछा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि दसॉ रिलायंस ग्रुप को ऑफसेट पार्टनर चुनने को लेकर झूठ बोल रहा है तो उन्होंने कहा, मेरी छवि झूठ बोलने वाले व्यक्ति की नहीं है। मेरी पॉजिशन पर आकर आप झूठ बोलने का रिस्क नहीं ले सकते। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 2 नवंबर को आरोप लगाया था कि दसॉ ने नुकसान झेल रही अनिल अंबानी की कंपनी में 284 करोड़ रुपये निवेश किए हैं। उन्होंने कहा था, यह साफ है कि दसॉ सीईओ झूठ बोल रहे हैं। यदि इस मामले में जांच होती है तो मोदी को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

अपने इंटरव्यू में ट्रैपियर ने कहा उनका कांग्रेस पार्टी के साथ डील करने का पुराना अनुभव है। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा की गई इस टिप्पणी से वह दुखी हैं। ट्रैपियर ने कहा, हमारा कांग्रेस पार्टी के साथ लंबा अनुभव है।

# कुलदीप यादव ने लगाई टी-20 करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग, 23वें स्थान पर पहुंचे



**दुबई, प्रेट्र।** वेस्टइंडीज पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव आइसीसी टी-20 रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। कुलदीप ने वेस्टइंडीज पर 3-0 की जीत के दौरान दो मैचों में पांच विकेट लिए। आइसीसी द्वारा जारी टीम रैंकिंग की बात करें, तो पाकिस्तान पहले और भारत दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

आइसीसी की सोमवार को जारी रैंकिंग में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार नौ पायदान चढ़कर शीर्ष 20 में शामिल हो गए हैं। वह 19वें जबकि जसप्रीत बुमराह 21वें स्थान पर हैं। बुमराह पांच पायदान आगे बढ़े हैं। भारतीय बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

इस सीरीज में टीम की अगुआई कर रहे रोहित तीन पायदान ऊपर सातवें और धवन पांच पायदान ऊपर 16वें स्थान पर पहुंच गए। ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष चार में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# सेंसेक्स टुडे: बाजार गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 346 तो निफ्टी 103 अंक गिरा

**मुंबई।** वैश्विक तेल उत्पादन में प्रति दिन 10 लाख बैरल की कटौती के सऊदी अरब के बयान पर कारोबारी सत्र के पहले दिन सोमवार को शेयर बाजार धराशायी हो गया। बीएसई का 31 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 345.56 अंकों या 0.98 फीसदी की गिरावट के साथ 34,812.99 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 कंपनियों के शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 103 अंक या 0.97 फीसदी गिरावट के साथ 10,482.20 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 35,333.22 का ऊपरी स्तर और 34,756.80 का निचला स्तर छुआ। जबकि, निफ्टी ने 10,645.50 का ऊपरी स्तर और 10,464.05 का निचला स्तर छुआ।



शेयर बाजार में नए सप्ताह के पहले दिन का कारोबार बढ़त के साथ शुरू हुआ। सेंसेक्स 128.94 अंक उछलकर 35,287.49 जबकि निफ्टी 22.06 की तेजी के साथ 10,607.80 पर खुला।

बीएसई पर दिनभर के कारोबार में टाटा स्टील के शेयरों में 1.67 फीसदी, कोटक बैंक के शेयरों में 1.59 फीसदी, इन्फोसिस के शेयरों में 0.45 फीसदी, टीसीएस के शेयरों में 0.32 फीसदी और एलएंडटी के शेयरों में 0.02 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। वहीं, टाटा मोटर्स के शेयरों में 9.45 फीसदी, हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में 3.82 फीसदी, टाटा मोटर डीवीआर के शेयरों में 3.25 फीसदी, पावर ग्रिड के शेयरों में 2.87 फीसदी और मारुति के शेयरों में 2.64 फीसदी की गिरावट देखी गई।

उधर, एनएसई पर टाइटन के शेयरों में 5.99 फीसदी, टेक महिंद्रा के शेयरों में 2.37, टाटा स्टील के शेयरों में 1.93 फीसदी, कोटक बैंक के शेयरों में 1.54 फीसदी और एचसीएल टेक के शेयरों में 1.08 फीसदी की तेजी देखी गई। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के शेयरों में 7.17 फीसदी, टाटा मोटर्स के शेयरों में 4,58 फीसदी, आईओसी के शेयरों में 4.55 फीसदी, हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में 4.15 फीसदी तथा हिंडाल्को के शेयरों में 4.06 फीसदी की गिरावट देखी गई।

# पेट्रोल और डीजल के दामों में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की गिरती कीमतों से लोगों ने राहत की सांस ली है. मंगलवार को पेट्रोल के दाम में 17 पैसे जबकि डीजल की रेट में 15 पैसे की गिरावट दर्ज की गई. देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 77.56 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा है जबकि डीजल 72.31 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा है. मुंबई के लोगों को भी पेट्रोल के बढ़ते दाम से पिछले कई दिनों में राहत मिली है. मंगलवार




को मुंबई में पेट्रोल 83.07 रुपये प्रति लीटर और डीजल 75.76 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा है.

गौरतलब है कि कच्चे तेल के बड़े एक्सपोर्टर सऊदी अरब ने तेल के उत्पादन में कटौती करने का ऐलान किया है. दिसंबर से सऊदी अरब 50 लाख बैरल प्रति दिन की कटौती करेगा. इस फैसले के तुरंद बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम 2 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए हैं।

# कोहली के भारत छोड़ो बयान का विश्वनाथन आनंद ने किया बचाव

**कोलकाता।** पांच बार के शतरंज विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद का कहना है



कि उन्हें ऐसा लगता है कि भारत छोड़ो बयान देते समय क्रिकेटर विराट कोहली अपना संयम खो बैठे। आनंद ने टाटा स्टील चेस इंडिया 2018 के दौरान आईएएनएस से कहा, मैं समझता हूं कि वह संयम खो बैठे। वह थोड़े भावुक हो गए और जो उनके दिमाग पहली बार आया, उसे बोल दिया।

कोहली ने जिस अंदाज में एक प्रशंसक को यह बयान दिया, उसके प्रति असहमति जताते हुए आनंद ने हंसते हुए कहा, उन्हें इस चीज को सबसे पहले मानना चाहिए कि उनके विदेश में भी प्रशंसक हैं और उन्हें इस वजह से अपने-अपने देशों को छोड़कर भारत आने की जरूरत नहीं है।

# चार दिन चलता हैं छठ पर्व जानें कब मनाया जाता हैं ये उत्सव

**षष्ठी की कथा**

छठ माता को सूर्य देव की बहन माना जाता है। वहीं छठ व्रत की एक कथा के अनुसार छठ देवी को ईश्वर की पुत्री देवसेना माना गया है। देवसेना के बारे में बताते हुए कई स्थान पर उन्हीं के हवाले से कहा गया कि वह प्रकृति की मूल प्रवृति के छठवें अंश से उत्पन्न हुई हैं यही कारण है कि वे षष्ठी कहलाईं। कार्तिक शुक्ल षष्ठी को उनकी आराधना करने वालों को विधि विधान से पूजा करने पर संतान प्राप्ति होती है।

छठ पूजा चार दिनों तक चलती है जो इस बार 11 नवंबर 2018 से प्रारंभ होगी और 14 नवंबर 2018 तक चलेगी



और उसका क्रम इस प्रकार रहेगा।

**पहला दिन नहाय खाय-** छठ पूजा का मुख्य त्यौहार कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है, लेकिन चतुर्थी को नहाय खाय के साथ इसका प्रारंभ हो जाता है। इस दिन प्रात काल स्नान करके नये वस्त्र पहनते है। और शाकाहारी भोजन करते हैं। घर में जो व्यक्ति व्रत करता है परिवार के बाकी सदस्य उसके खाना खाने के बाद ही भोजन करते हैं।

**दूसरा दिन खरना-** ये कार्तिक शुक्ल पंचमी को होता है और इसमें पूरे दिन व्रत रख कर शाम को भोजन ग्रहण करते हैं। इसे खरना कहा जाता है। इस दिन निर्जल उपवास किया जाता है। शाम को गुड़ से बनी चावल की खीर बनाई जाती है, और नमक व चीनी दोनों का प्रयोग वर्जित होता है। इसी दिन चावल का पिठ्ठा व घी लगी रोटी का भी प्रसाद बनता है।

**तीसरे दिन छठ पूजा-** इस दिन मुख्य छठ पूजा होती है। जिसमें विशेष प्रसाद बनाया जाता है। जिसमें ठेकुआ का खास महत्व होता है, जिसे टिकरी भी कहा जाता है। चावल के लड्डू भी बनते हैं। इसके बाद प्रसाद व फल को बांस की टोकरी में सजाया जाता है। इस टोकरी की पूजा कर व्रत करने वाले सूर्य को अर्घ्य देने के लिये तालाब और नदी के तट पर जाते हैं, जहां स्नान करके अस्त होते सूर्य की आराधना की जाती है।

**चौथा दिन पारण-** छठ पूजा के चौथे और अंतिम दिन यानि सप्तमी को सुबह सूर्योदय के समय भी सूर्यास्त वाली उपासना की विधि दोहराई जाती है। इसके बाद विधिवत पूजा कर प्रसाद बांट जाता है। इसके बाद सूर्य को अर्ध्य देकर छठ पूजा का पारण किया जाता है।

## आज का राशिफल

मेष:आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रवृत्ति वालों के लिए शुभ फलदायक है। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

वृषभ:आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा।

मिथुन:राजनीतिक गतिविधियों में रुकावट रहेगी। अपराह्न के बाद नवनिर्माण की रूपरेखा बनेगी। मेहनत का फल मिलेगा और कार्यक्षेत्र में शुभ परिणाम प्राप्त होंगे।

कर्क:जीवनसाथी एवं व्यापार में साझेदारों का सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

सिंह:आज का दिन मिश्रित फलकारक है, समाज में स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे, तृतीय घर में वृश्चिक राशि का बृहस्पति उच्च फलकारक है।

कन्या:चतुर्थ भाव में त्रिग्रही योग और चतुर्थ घर में चन्द्रमा उत्तम संपत्ति देने वाले हैं। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं। सांयकाल से लाभ के नए योग बन रहे हैं।

तुला:आज आपकी राशि का स्वामी शु सांसारिक सुख भोगों की वृद्धि कर रहा है। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

वृश्चिक:आज आपका आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता से जो आत्म संतुष्टि आपको प्राप्त होती है, उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती।

धनु:आज अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग दोनों को खर्च के बारे में सोचने की आवश्यकता है।

मकर:आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के कामों से दूर रहें।

कुंभ:राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। चन्द्रमा द्वादश भाव में किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में धन हाथ में आने से संतोष होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात्रि का समय सैर सपाटे में व्यतीत करें।

मीन:राशि का स्वामी बृहस्पति वृश्चिक राशि का होकर नवम भाव में संतान पक्ष से संतुष्टि व हर्षदायक है। दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

# नाश्ते में बनाएं स्वादिष्ट अमेरिकन पेनकेक्स



नाश्ते में कुछ हेल्दी और टेस्टी बनाने की सोच रही हैं तो आप अमेरिकन पेनकेक्स ट्राई कर सकती हैं। खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ इन्हें बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता। तो चलिए जानते हैं टेस्टी-टेस्टी पेनकेक्स बनाने की रेसिपी।

**सामग्री:-** मैदा- 350 ग्राम, चीनी- 100 ग्राम, नमक- एकचुटकी, अंडे- 6, दूध 350 मि.ली, मक्खन- 60 मि.ली (पिघला हुआ), मेपल सिरप- सर्व करने के लिए, शहद- सर्व करने के लिए, मक्खन- सर्व करने के लिए, चॉकलेट सिरप- सर्व करने के लिए

**विधि:-** 1. सबसे पहले एक बाउल में मैदा, चीनी व नमक को मिक्स कर लें। अब इसे साइड पर रख दें। **2.** दूसरे बाउल में अंडों को फेंटें और धीरे-धीरे इसमें दूध मिलाते जाएं। फिर इसमें मैदा, चीनी व नमक का मिश्रण मिला लें। **3.** फिर इसमें पिघला हुआ मक्खन डालें और एक घंटे के लिए अलग रख दें। **4.** अब इस मिश्रण को एक बड़े चम्मच की मदद से पैन पर फैलाएं। इसे दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। **5.** प्लेट में पेनकेक्स को रखकर इसे मेपल सिरप, शहद, मक्खन व चॉकलेट सिरप डालकर गरमागर्म सर्व करें। **6.** आप चाहें तो इसे फ्रैश फ्रूट्स के साथ भी गार्निश कर सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 86

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.85 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |